nt>

Title: Need to include Dogri language in the Eighth Schedule to the Constitution.

वैद्य विष्णु दत्त (जम्मू): अध्यक्ष महोदय, एक करोड़ की संख्या में लोगों की बोले जाने वाली भाषा 'डौगरी भाषा' को भारत के संविधान के आठवें शेडयूल में सम्मिलित किया जाए।

यह भाषा जम्मू व कश्मीर राज्य की राज्य भाषाओं की सांवैधानिक सूची में सम्मिलित है।

जम्मू व कश्मीर के विश्वविद्यालयों में इस भाषा की एम.ए. तथा पी.एच.डी. की उपाधियां की जाती हैं।

इस भाषा का अपना शब्दकोष और व्याकरण भी है। साहित्य की दृष्टि से बड़ी समृद्ध भाषा है। गद्य, पद्य नावल, गीत आदि की बहुत से पुस्तकें उपलब्ध हैं, जो साहित्यिक दृष्टि से उच्च कोटि की हैं। अखिल भारतीय साहित्यिक अकादमी तथा जम्मू-कश्मीर की साहित्य संस्था के कई अवार्ड लेखकों को प्राप्त हुए हैं। इसी अ वस्था में इसे भारत के संविधान के आठवें शेडयूल में सम्मिलित कर भाषा के विकास में अन्य भाषाओं के स्तर पर न्याय प्राप्त हो सके।